आप मेरे घर में आये प्रभु

आप मेरे घर में आये प्रभु,
हर लिए तूने दुःख सारे प्रभु ।
तू ही राधा तू ही है श्याम,
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

तेरा ही चर्चा तेर ही नाम,
तू ही बनाये सब के बिगड़े काम ।
तू ही है सबका पालन हार,
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

मैंने है अब बस तुझको ही माना,
चाहे कुछ भी कहे यह ज़माना ।
तुझको है सारे वेदों का ग्यान,
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

तेरे ही दर पे जो भी आया,
सब का बेडा पर कराया ।
तेरी ही लीला है अपरम पार,
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

तीन पग में तूने सृष्टि को नपाया,
अर्जुन को सही मार्ग दिखाया
महाभारत में दिया गीता का ज्ञान,।
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

माखन चोर के सब को रुलाया,
मटकी फोड़ सखियो को सताया ।
कंस को मार किया तूने बड़ा काम,
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

कालिया नाग के अहंकार को मिटाया,
पर्वत को इक उंगली पर उठाया ।
तूने ही किया रासलीला का काम,
गुण मैं गाउँ तेरे सुबहो श्याम ॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/1366/title/aap-mere-ghar-me-aaye-prabhu-har-liye-tune-dukh-saare-prabhu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |